**बिहार सरकार**

**<u>लघु जल संसाधन विभाग</u>**

आ0सं0-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 285 /पटना, दिनांक- 03/10/25

**-:: आदेश ::-**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन सं0-02/2017 के आलोक में सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं लघु जल संसाधन विभाग आवंटित 18(अठारह) अभ्यर्थियों को विभागीय अधिसूचना सं0-6885 दिनांक-12.09.2025 द्वारा सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर औपबंधिक रूप से नियुक्ति की गयी है। उक्त अधिसूचना की कंडिका-6 में नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं(असैनिक) को निदेशित किया गया है कि "सभी नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को नियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से 15(पन्द्रह) दिनों के अन्दर लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना में योगदान करना अनिवार्य होगा", उक्त समय-सीमा समाप्त हो चुकी है।

2. इसी क्रम में 03(तीन) नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं द्वारा विभिन्न कारणों यथा पूर्व नियोक्ता के स्तर से त्याग-पत्र स्वीकृत/विरमण-पत्र निर्गत होने में विलम्ब अथवा पारिवारिक सदस्य के स्वास्थ्य कारणों का उल्लेख करते हुए योगदान अवधि विस्तार करने से संबंधित अभ्यावेदन विभाग में समर्पित किया गया है।

3. अतः प्राप्त अभ्यावेदनों पर सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय अधिसूचना सं0-6885 दिनांक-12.09.2025 की कंडिका-06 में अंकित योगदान करने की 15(पन्द्रह) दिनों की निर्धारित समय-सीमा को अगले 01(एक) माह तक विस्तारित किया जाता है।

4. वैसे नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक), जिनके द्वारा अभी तक विभाग में योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उन्हें **अंतिम मौका प्रदान करते हुए** निदेशित किया जाता है कि वे विभाग में विस्तारित अवधि में निश्चित रूप से योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। विस्तारित अवधि में योगदान नहीं करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति/अभ्यर्थित्व को रद्द कर रिक्ति मानते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

3/10/25

(संगीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव
लघु जल संसाधन विभाग।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 7376 /पटना, दिनांक- 03/10/25

प्रतिलिपि-महालेखाकार(ले0 एवं हक0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/10/25

सरकार के अपर सचिव।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 7376 /पटना, दिनांक- 03/10/25

प्रतिलिपि- श्री प्रदीप मिश्रा(ppmishra44@gmail.com), श्री आशीष विश्वकर्मा (ai2sh2010@gmail.com) एवं श्री सूर्य प्रकाश मिश्रा(suryaprakashmishra555@gmail.com), नवनियुक्त सहायक अभियन्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3/10/25

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 7376 /पटना, दिनांक- 03/10/25

प्रतिलिपि-माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी विभागीय पदाधिकारी, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3/10/25

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 7376 /पटना, दिनांक- 03/10/25

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

निदेश है कि उक्त आदेश को विभागीय वेबसाईट के नोटिस बोर्ड एवं बुलेटिन के रूप में प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे ।

3/10/25

सरकार के अपर सचिव ।